कार्यालय मुख्य छात्रावास अधीक्षक
मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
गोरखपुर।

छात्रावास आवंटन नियमावली

विश्वविद्यालय के आगामी सत्र 2026-27 में समस्त कोर्स (UG/PG/Ph.D) में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का छात्रावास का आवंटन निम्नानुसार किया जायेगा।

01. नवप्रवेशित समस्त इच्छुक महिला छात्राओं हेतु सावित्रीबाई फुले छात्रावास की सुविधा प्रदान की जायेगी।
02. नवप्रवेशित इच्छुक पुरूष छात्रों (स्नातक वर्ग) को विश्वेस्वरैया, टैगोर, तिलक भवन छात्रावास तथा (परास्नातक वर्ग) को अम्बेड़कर भवन छात्रावास का आवंटन किया जायेगा।
03. ऐसे सभी पुरूष छात्र जिनके एडमिट कार्ड पर गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया, कुशीनगर एवं संतकबीर नगर जिलों के पते (Address) अंकित है, उन्हें छात्रावास आवंटित नहीं किया जायेगा। परन्तु उक्त सभी छात्रों को छात्रावास में कमरों की उपलब्धता होने पर दूरी एवं सुगमता के आधार पर आवंटन में वरियता दी जायेगी।
04. लेटरल इन्ट्री द्वारा द्वितीय वर्ष में प्रवेश लेने वाले पुरूष छात्रों को रमन भवन छात्रावास में कमरे की उपलब्धता के अनुसार आवंटन किया जा सकता है।

(प्रो0 जय प्रकाश)
मुख्य छात्रावास अधीक्षक

पत्रांक/मा0प्रौ0वि0/मु0छा0अधी0/1125/2026 दिनांकः 08 जून, 2026

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. वै0सहा0 कुलपति, माननीय कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
02. वित्त नियंत्रक।
03. कुलसचिव।
04. अधिष्ठाता स्नातक अध्ययन/परास्नान्तक अध्ययन/शोध एवं विकास एवं प्रोफेशनल प्रैक्टिसेज।
05. अध्यक्ष, प्रवेश प्रकोष्ठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को प्रवेश प्रक्रिया के पोर्टल पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
06. समस्त छात्रावास अधीक्षक।
07. वेब मास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित की उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेब साइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

08/06/2026
(प्रो0 जय प्रकाश)
मुख्य छात्रावास अधीक्षक